प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

................................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे–प्रदेश के 421 खिलाडी भी भाग लेंगे।
- राज्य सरकार कोचिंग सेंटर्स के नियामक कानून के लिए विधानसभा सत्र में बिल पेश करेगी।
- भारतीय रेल ने 23 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों के उन्नयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।
- प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले दो दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित विभिन्न अतिथि शामिल होंगे। संकल्प से शिखर तक थीम पर यह आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल 14 फरवरी तक उत्तराखंड के 8 जिलों के 11 शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं होंगी। राजस्थान का 531 सदस्यों का दल भी इसमें शामिल होगा जिनमें 421 खिलाड़ी और 110 अधिकारी शामिल हैं। ये वॉलीबॉल, कबड्डी और शूटिंग सहित 26 खेल स्पर्द्धाओं में भाग लेगें।

................................

राज्य सरकार कोचिंग सेंटर्स के नियामक कानून के लिए विधानसभा सत्र में बिल पेश करेगी। सरकार ने कल राजस्थान हाईकोर्ट में इस संबंध में जानकारी दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 10 फरवरी तय की है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश कोचिंग विद्यार्थियों द्वारा आए दिन आत्महत्या की घटनाओं पर लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर दिए। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार कोचिंग सेंटर्स के संचालन के लिए कानून बनाने जा रही है। इसके लिए सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। महाधिवक्ता के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई 10 फरवरी तक टाल दी।

................................

बाड़मेर ज़िले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के ज़रिए आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में आज गडरारोड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फॉलोअप शिविर लगाया जाएगा। उधर जैसलमेर में आज और कल पोकरण के जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित किये जायेंगे। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल ने अपील की है कि लोग अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अवश्य उठाये। उन्होंने बताया कि शिविरों में मौके पर ही विकलांगता प्रमाण पत्र के लिए सुविधा रखी गई है।

................................

राज्य में आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय की ओर से आठवीं आर्थिक गणना 2025–26 का आयोजन किया जाएगा। इस गणना के सफल संचालन के लिए मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति बनाई गई है।

................................

जयपुर के राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस ने बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे सेमेस्टर की 23, 24 औरं 25 जनवरी को आयोजित परीक्षाओं को निरस्त कर दिया है। कुलपति डॉ धनंजय अग्रवाल ने बताया कि परीक्षाओं के प्रश्न–पत्र की गोपनीयता भंग होने की

सूचना पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए इसकी जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। आगामी परीक्षाएं विधिवत् रूप से चालू रहेगी। निरस्त परीक्षाओं की नई तारीखों की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

................................

भारतीय रेल ने 23 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों के उन्नयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे रेलगाडियों की गति बढाकर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा 54 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों को रेलगाडियों की एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए उन्नत किया गया है। भारतीय रेल ने कहा है कि इससे विभिन्न क्षेत्रों में निर्बाध संपर्क सुनिश्चित किया जा सकेगा और रेलवे की परिचालन क्षमता बढेगी। रेल पटरियों के आधुनिकीकरण की इस प्रक्रिया में तीव्र गति की रेलगाडियां चलाने के लिए पटरियों को मजबूत करने, सटीक रूप से जानकारी के आदान–प्रदान के लिए उन्नत सिग्नल प्रणाली को लागू करने और असुरक्षित जगहों पर बाड लगाने के काम शामिल हैं।

................................

अजमेर जिले में आज से प्रवासी पक्षियों की गणना की जाएगी। वन विभाग की ओर से ये गिनती जिले के 12 जलाशयों पर की जाएगी। उप वन संरक्षक सुगनाराम जाट ने बताया कि दो फरवरी तक चलने वाली ये गणना आनासागर झील, पुष्कर तालाब, बुडोलाव सहित अन्य अधिसूचित वेटलेंड पर की जायेगी। उन्होंने बताया कि गणना में पक्षी विशेषज्ञ और उपवनकर्मी भाग लेंगे। उधर पाली जिले में भी आज से पक्षी गणना की जाएगी। इस दौरान सभी उपखण्डों में सर्दियों में प्रवास करने वाले विभिन्न प्रजातियों के दुर्लभ पक्षियों का रिकॉर्ड भी दर्ज किया जाएगा। जिले के देसूरी, सुमेरपुर, सोजत, सेंदडा, बाली, मारवाड जक्शन और जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिर्जव क्षेत्र में ये गिनती की जाएगी। उप वन संरक्षक पी. बाला मुर्गन ने बताया कि प्रवासी पक्षी गणना में वन विभाग के अधिकारी और कार्मिक भाग लेगें।

................................

जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल 30 जनवरी से जयपुर के क्लार्क्स आमेर होटल में शुरू होगा। साहित्य और कला के इस फेस्टिवल में देश–विदेश के नामी लेखक और विचारक शिरकत करेंगे।

.....

................................

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले दो दिनों में तापमान में एक से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग ने जयपुर और भरतपुर संभाग में आज गरज के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई है। इस बीच एक बार फिर सर्दी का असर बढ गया है। सवाईमाधोपुर और करौली में भी सर्दी के असर में बढोतरी हुई है। फतेहपुर में बीती रात पारा जमाव बिन्दु के आस–पास रहा।

.....

................................